# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 08.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 08.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्री फहद अली के पर्यवेक्षण एसओजी/सर्विलांस प्रभारी श्री एम.पी. त्रिपाठी एवं थानाध्यक्ष राजापुर श्री प्रवीण सिंह तथा उनकी टीम द्वारा दिनाँक 30.06.2025 को थाना राजापुर अन्तर्गत सिकरी अमान गांव के पास रोड पर जली हुई कार में पूर्णतः जला हुआ शव का खुलासा। घटना कारित करने वाले एक अभियुक्त व घटना में शामिल एक अभियुक्ता (पति- पत्नी) को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरणः-**

1. सुनील सिंह पुत्र अवध बिहारी सिंह उम्र 39 वर्ष निवासी कनपुरा थाना जवां जनपद रीवा म0प्र0
2. हेमा पत्नी सुनील सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी कनपुरा थाना जवां जनपद रीवा म0प्र0

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-**

ग्राम आनन्दपुर रगौली के पास थाना कोतवाली कर्वी,दिनांक 07.07.2025 समय 23.40 बजे

**सक्षिप्त विवरणः-**

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 30.06.2025 को थाना राजापुर को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि सुबह 04.30 बजे लालता रोड से राजापुर की तरफ आने वाली सड़क पर ग्राम सिकरी अमान के पास एक गाड़ी अल्टो K10 रजिस्ट्रेशन नं0 MP 19 CB 3053 की जलने की सूचना पर फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग को बुझाया गया जिसमें एक अज्ञात शव पूरी तरह से जल चुका है। दिनाँक 02.07.2025 को वादी गिरजा शरण सिंह पुत्र स्व0 जौहरीलाल निवासी कंधवनिया थाना राजापुर जनपद चित्रकूट थाना राजापुर में सूचना दी कि दिनांक 30.06.2025 को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुयी कि ग्राम सिकरी अमान राजापुर छीबो रोड पर किनारे एक अल्टो कार जिसका न0 MP 19 CB 3053 सड़क के किनारे खड़ी है उसमें एक शव भी पूर्ण रूप से जला हुआ मिला है, जिसकी पहचान नहीं हो पा रही है। उक्त गाड़ी मेरे साले सगमेन्द्र सिंह के नाम है जिसको हमारे दामाद सुनील सिंह पुत्र अवध बिहारी सिंह निवासी कनपुरा थाना जवा जिला रीवा मध्य प्रदेश द्वारा चलायी जाती थी। बेटे सतेन्द्र सिंह मौके पर अमान गांव गये थे उन्होंने देखकर बताया कि यह वही कार है जो मेरे दामाद सुनील सिंह चलाते थे। पुत्री हेमा सिंह से पूछने पर बतायी कि सुनील दिनांक 29.06.2025 को मोबाइल नम्बर 9039033661 लेकर शाम 08.00 बजे हार्वेस्टर के ड्राइवर को लेने के लिए सुल्तानपुर अकेले गये थे, सुनील से करीब 11.20 बजे रात को बात हुई थी। सुनील ने बताया था कि मैं इस समय रामबाग(बरगढ़) के पास में हूँ उसके बाद मोबाइल स्वीच आफ हो गया था। पता चला है कि गाड़ी में पुलिस को जला हुआ मोबाइल व सिम मिला लेकिन शव की पहचान नहीं हो पायी है न ही सुनील सिंह अभी तक मिले है। ऐसे में मेरे दामाद सुनील सिंह की अचानक गाड़ी में आग लगने से भी मृत्यु हो सकती है लेकिन यह भी आशंका है किन्हीं अज्ञात व्यक्तियो द्वारा मेरे दामाद की हत्या करके गाड़ी में आग लगा दिया हो, जिससे शव पहचान में न आये। इस लिखित सूचना पर थाना राजापुर में मु0अ0सं0 167/25 धारा 103(1),238 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु एसओजी प्रभारी व थानाध्यक्ष राजापुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अज्ञात शव की शिनाख्त मृतक की पत्नी हेमा द्वारा अपने पति सुनील सिंह के रूप में किया गया जिस पर थाना राजापुर पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया तथा डीएनए मैच हेतु सैम्पल लेकर जांच हेतु भेजा गया था। इसी बीच एसओजी टीम व थाना राजापुर पुलिस इस संदिग्ध घटना के अनावरण हेतु लगातर प्रयास में लगी हुई थी कि दिनांक 07.07.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि जो कार सिकरी अमान में जली हुई थी जिसमें अज्ञात व्यक्ति का शव को सुनील सिंह के रूप में पत्नी

द्वारा पहचाना गया  था वह सुनील सिंह आज चोरी छिपके अपने साढ़ू से मिलने आनन्दपुर गांव की तरफ जा रहा है यदि जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसओजी व थाना राजापुर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर वास्ते पूछंताछ हेतु सुनील सिंह को हिरासत में लेकर थाना राजापुर लाया गया। कार में मिले शव के बारे में पूछा गया तो सुनील ने बताया कि वह शव विनय चौहान पुत्र शम्भू चौहान निवासी नेहरू नगर वार्ड 14 थाना सामान नाका जिला रीवा म0प्र0 का है। इस पूरी घटना के सम्बन्ध में जब कड़ाई से पूंछताछ की गयी तो बताया कि मैनें लोन पर हार्वेस्टर खरीदा था व अपनी पत्नी को ब्यूटी पार्लर का काम शुरू करवाया था लेकिन कर्ज इतना बढ़ गया कि जिसकी किस्ते भरने में मैं बहुत परेशान रहता था मेरी पत्नी मुझे बार – बार ताना मारती थी कि तुम किसी काम के नही हो सारा काम लोन पर ही करते हो कमाई धमाई नही करते हो, इसलिए मैने मोबाइल व यू0 ट्यूब में क्राइम जैसे धारावाहिक देखकर योजना बनायी यदि कोई ऐसा व्यक्ति मिल जाये कि जिसको मारकर उसकी जगह अपने आपको मरा हुआ दिखाकर इंशोरेन्स पॉलिसी का लाभ लिया जा सके, जिससे हमारा कर्जा भी चुकता हो जायेगा और ऐश की जिंदगी जीयेंगे। इसी योजना के चलते मैने अक्टूबर 2024 मे 02 करोड़ रू0 का अपना इंशोरेन्स कराया तभी से मेरे दिमाग में ये बात आयी कि किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश की जाये जिसके आगे पीछे कोई न हो और जिसे मारने पर बहुत ज्यादा खोजबीन भी न हो पाये इसी तरह के व्यक्ति की तलाश करते हुए एक दिन हौली (शराब के ठेके पर) पर एक व्यक्ति मिला जो कि लगभग मेरी ही कद काठी का था और उसे शराब पिलाना शुरू कर दिया। शराब पीने के दौरान उससे बातचीत हुई तो उसने बताया कि मेरे आगे पीछे कोई नही है। मैने उसी का फायदा उठा कर उसको अपना मोहरा बनाकर अपनी योजना बना डाली। दिनांक 28.06.2025 को उस व्यक्ति को मैने हौली पर शराब पिलाया और अपने साथ ही उसे अपने घर ले आया जहां मैने उसे कुछ रूपये भी दिये जिस पर मेरी पत्नी ने पूछा तो मैने बताया कि यही व्यक्ति है जो मेरा सारा कर्ज उतारेगा व मुझे अमीर बनायेगा। यदि इसके साथ कोई घटना कर दी जाये तो आप मुझे ही मृत दिखाकर औऱ यह दिखावा करना कि मेरे पति ही मर गये है। इसी योजना के तहत दिनांक 29.06.2025 को मैनें अपने घर से एक छोटा सिलेण्डर लेकर उसमे गैस भरवाकर अपनी गाड़ी मे रख लिया तथा गाड़ी में  हारवेस्टर का एक छोटा टायर, दो बॉडी स्प्रे की बोतल व कपूर के कुछ पैकेट गाड़ी मे रख लिए उसके बाद उसी हौली में उस व्यक्ति के पास जाकर उसे खिला पिला कर अपनी गाड़ी मे बैठाकर दिमाग में बैठी घटना कारित करने के लिए निकल लिया वहां से चलने के बाद बरगढ़ से आगे बरसात होने के कारण व दिमाग में यह बात आने के कारण कि इलाहाबाद की तरफ कही खाली जगह नही मिलेगी इसलिए वाया लालता रोड होते हुए इस रोड से लखनऊ जाने की योजना बनायी। रास्ते मे पूर्व से खरीदी हुई शराब उस व्यक्ति को पिलायी जब मै लालता रोड से आकर रास्ते में एक गांव अमान से आगे सुनसान जगह पहुंचा तो गाड़ी मे बैठे उस व्यक्ति को ज्यादा नशा हो जाने के कारण मैने रोड किनारे गाड़ी खड़ी कर दिया व अपनी सीट से उतरकर पीछे की तरफ जाकर नशे मे होने के कारण उसके पूरे शरीर पर कपूर फेंककर सिलेण्डर का रेगुलेटर ऑन कर फिर एक कपूर में आग लगाकर उसके शरीर पर फेंक दिया और मैं वहां से भाग गया और कुछ दूर पर जाकर गाड़ी को जलते हुए देखता रहा जब गाड़ी में तेजी से ब्लास्ट हुआ तो मै वहां से डर के मारे भाग गया और बस पकड़कर प्रयागराज चला गया। अपनी पत्नी से योजना बनाने के मुताबिक मेरी पत्नी द्वारा मेरे ही गाड़ी में अकेले रहने व मेरे मरने की बात पूछताछ में प्रचारित की गयी। चूंकि मेरी पत्नी मेरे बताने के अनुसार पूरी योजना मे शामिल थी व उसी अनुसार सबको सारी बात बताई व मेरे मरने के बारे में दिखावा वश आस्वशत होकर पूरे क्रिया क्रम मे शामिल रही। चूंकि वादी मुकदमा तथा उसकी पुत्री हेमा द्वारा अपने दूरभाष वार्ता के क्रम मे अपने पति सुनील का ही उस गाड़ी मे होना व उनकी मृत्यु होना बताया गया है। इस सम्बन्ध मे जब तथाकथित मृतक सुनील की पत्नी हेमा से पूरे घटना क्रम के सम्बन्ध मे पूछा गया तो उसने बताया कि मेरे पति कर्ज मे काफी डूबे हुए थे और उनकी इस शातिर योजना में मै भी अपने ऐशो आराम के लिए उनकी बात से इन्कार नही कर पा रही थी। साहब मेरे पति ने जो कुछ किया है गलत किया है। अपने स्वार्थ वश मैं उनकी बातों में आकर उनका सहयोग देती रही। उन्होने जो आपको

बताया है वही सही है जबकि तथाकथित मृतक सुनील को आज हम पुलिस वालो द्वारा जीवित अवस्था मे बरामद किया गया। इसी दौरान अभियुक्त द्वारा बताये गये विनय चौहान के विषय में टीम भेजकर पता किया गया तो उसका भाई विकास चौहान घर पर मौजूद मिला जिसने बताया कि मेरा भाई विनय चौहान 29.06.2025 से गायब है जिसको मैं लगातार खोज रहा हूँ।

सुनील सिंह व उसकी पत्नी हेमा सिंह के बयान से घटना में मृतक के रूप मे विनय चौहान पुत्र शम्भू चौहान निवासी नेहरू नगर वार्ड 14 थाना सामान नाका जिला रीवा म0प्र0 का नाम प्रकाश में लाया जाता है। तथाकथित मृतक सुनील द्वारा जान बूझ कर वद नियति से लाभ प्राप्त करने हेतु वर्तमान मृतक विनय को योजना बद्ध तरीके से आग लगा कर हत्या कर देने व शव पहचान में न आये, गाड़ी में आग लगाने तथा तथाकथित मृतक सुनील की पत्नी हेमा द्वारा योजना में शामिल होने तथा मृत्यु कारित करने में सहयोग किया गया है। 1.सुनील सिंह पुत्र अवध बिहारी सिंह उम्र 39 वर्ष 2. हेमा पत्नी सुनील सिंह उम्र 35 वर्ष निवासीगण कनपुरा थाना जवां जनपद रीवा म0प्र0 को कारण गिरफ्तारी बताकर समय करीब 23.40 बजे गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के खुलासा करने पर पुलिस टीम को नगद 10 हजार रूपये पुरुस्कार से पुरुस्कृत किया गया ।

## गिरफ्तार करने वाली टीमः-

**एसओजी/सर्विलांस टीमः-**

1.निरीक्षक श्री एम.पी त्रिपाठी
2.मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार
3.मुख्य आरक्षी नितेश समाधिया
4.आरक्षी रोहित सिंह
5.आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा
6.आरक्षी रोशन
7.आरक्षी राघवेन्द्र
8.आरक्षी गोलू भार्गव
9.आरक्षी आशीष यादव

**थाना राजापुर की पुलिस टीमः-**

1.थानाध्यक्ष राजापुर श्री प्रवीण सिंह
2.उ0नि0 श्री कन्हैया बक्श सिंह
3.आरक्षी प्रकाश मिश्रा
4.आरक्षी लवकुश यादव
5. महिला आरक्षी दीक्षा यादव
6.महिला आरक्षी दीपा कुमारी

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसओजी/सर्विलांस के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा गुमशुदा/खोये हुए कुल 51 अदद मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 06 लाख 40 हजार रूपये है को बरामद किया गया ।

उल्लेखनीय है कि गुम/खोए हुए मोबाइल के धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष अपना मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये गये थे, जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा एसओजी/सर्विलांस टीम को गुम/खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देश दिये गये थे । प्रभारी सर्विलांस/स्वाट टीम निरीक्षक श्री एम.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्विलांस/स्वाट टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए 51 गुमशुदा/खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी करते हुए आज दिनाँक- 08.07.2025 को मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया ।

**बरामदगीः-**

51 अदद मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 06 लाख 40 हजार रूपये)

**बरामदगी करने वाली टीमः-**

1. प्रभारी एसओजी/सर्विलांस निरीक्षक श्री एम.पी. त्रिपाठी
2. मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार
3. मुख्य आरक्षी नितेश समाधिया
4. आरक्षी रोहित सिंह
5. आरक्षी आशीष यादव
6. आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा
7. आरक्षी पवन राजपूत
8. आरक्षी राघवेन्द्र
9. आरक्षी रोशन सिंह
10. आरक्षी गोलू भार्गव

**(5).** जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में श्रावण मास/कावड़ यात्रा को देखते तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सिंचाई विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है कहां की बरसात का महीना प्रारंभ हो गया है घंटो में जल स्तर घटता बढ़ता रहता है संबंधित विभाग देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देशित किया कि रामघाट पर पुनर्निर्माण के कार्य हो रहा है कहा कि कार्यदाई संस्थाओं से वार्ता कर वहां पर पड़े मटेरियल को हटाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि रामघाट परिक्रमा मार्ग व प्रमुख मार्गों पर साफ सफाई बनी रहनी चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि चेंजिंग रूम प्रॉपर बना रहना चाहिए ।जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि बिजली की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहनी चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि जहां पर तार लटक रहा हो उसे सही कराए जिससे कि कोई अप्रिय घटना न होने पाए, उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की भी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होने ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि पार्किंग स्थल के लिए जगह चिन्हित करें, जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया की जगह-जगह पर टैंकरों की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि भरतकूप से लेकर रामसैया तक सड़क के किनारे झाड़ियां बढ़ गई है इसकी साफ सफाई की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य दिए गए हैं उसका सभी अधिकारी समन्वय बनाकर निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी श्री प्रत्यूष कटिहार, उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, मऊ श्री सौरभ यादव, उप कृषि निदेशक श्री राजकुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इंद्र नारायण सिंह अधिशासी अभियंता अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी श्री लालजीत यादव, डीसी एनआरएलएम श्री ओपी मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

(6).मंडला आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार की अध्यक्षता में व जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर, उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व /प्रभागीय बना अधिकारी श्री प्रत्येक कुमार कटिहार की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम महोत्सव 2025 की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। बैठक में प्रभागीय बनाधिकारी ने बताया कि जनपद को शासन द्वारा 70 लाख से बढ़कर 74 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है।बैठक में कृषि विभाग, उद्यान विभाग द्वारा बताया गया कि चिन्हित स्थलों पर वृक्षारोपण कराया जाएगा एवं वृक्षारोपण के अंदर हॉर्टिकल्चर के साथ ही साथ फ्रूट भी लगाया जाएगा जिसमें  स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर रखा जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर ने कहा कि भीटे (उच्च भूमि) के 53 स्थल को चिन्हित किया गया है जिसकी आसपास तालाब है उस पर पौधे लगाया जाएगा। मंडला आयुक्त ने कहा कि वृक्षारोपण के पश्चात फेंसिंग भी करना जरूरी है उन्होंने कहा कि पानी निराई गुड़ाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए कहां की तालाबों व खाली पड़ी ग्राम विकास की जमीन पर वृक्ष लगाए एवं मनरेगा के अंतर्गत वृक्षों को फेंसिंग भी कराए। प्रभागीय बनाधिकारी ने बताया कि 1 जुलाई से 7 जुलाई तक हजारों स्कूलों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम कराया गया है तथा बच्चों की अभिभावकों को भी पेड़ दिया गया है जिस पर मंडलायुक्त  ने कहा कि स्कूलों में भी सहजन के पेड़ लगे एवं बच्चों को पेड़ लगाने के लिए मोटिवेट करें मंडला आयुक्त ने कहा की स्कूलों में प्रिंसिपल अध्यापकों से मीटिंग कराकर बच्चों को  सड़क सुरक्षा वृक्षारोपण आदि के महत्व लाभ को बताएं, उन्होंने कहा कि बच्चों को जो सीखना है  एक शब्द रोज रोज बोले तो कभी-कभी बच्चों में दिमाग में आएगा एवं वहीं से परिवर्तन होता है। प्रभागीय बनाधिकारी ने कहा कि माननीय मंत्री व माननीय सांसद गढ़ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वृक्षारोपण कराया जाएगा, उन्होंने कहा कि जनपद में जो नोडल प्रभारी नामित किए गए हैं उस कार्यक्रम स्थल पर 10 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। कृषि विभाग ने बताया कि किसान सम्मान निधि व जिनको नया बीज वितरण किया जा रहा है उनको  दो-दो पौधे दिया जा रहा है।मंडला आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि देवांगना एयरपोर्ट से जो फोर लेन नई सड़क बन रही है सड़क के किनारे वृक्षारोपण अधिक से अधिक कराएं  कहा कि पानी की भी व्यवस्था होनी चाहिए। मंडला आयुक्त ने कहा कि नदियों के किनारे वृक्षारोपण भी कराए एवं यह सुनिश्चित कराएं की नदी से कुछ दूर होना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर ने बताया कि मंदाकिनी नदी के किनारे एक लाख 21 हजार वृक्षारोपण कराए जा रहे हैं उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राप्त लाभार्थियों को दो-दो सहजन का पेड़ दिया जाएगा।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विभिन्न प्रकार के अटल बन, सूर्यवन, एकता बन एवं नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत ऑक्सि वन, त्रिवेणी बन, चिन्हित स्थलों पर कराया जा रहा है। मंडला आयुक्त ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि गौशालाओं में भी पौधा रोपण कराए एवं यह भी कहा कि जो गौशाला में केयरटेकर है उनके द्वारा देखभाल अच्छी तरह से हो सकती है  यह भी कहा कि गौशाला में जो वृक्ष लगे उसमें ट्री गार्ड भी लगे। मंडला आयुक्त ने प्रभागीय बनाधिकारी से  लगाए जा रहे पौधे की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिए जिस पर प्रभागीय बनाधिकारी ने बताया कि जहां पर

वृक्ष लगाए जा रहे हैं वहां पर खाई व तार फेंसिंग की व्यवस्था की जाएगी मंडल आयुक्त ने कहा कि जो खाई बना रहे हैं उसमें बच्चों को गिरने का डर न रहे  यह सुनिश्चित कराएं। प्रभागीय बना अधिकारी ने कहा कि ग्राम वन में तार /वाढ की भी व्यवस्था की जाएगी। मंडला आयुक्त ने जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि खनन क्षेत्र में भी वृक्षारोपण कराए एवं यह भी कहा कि उसकी देखभाल भी होनी चाहिए। राजस्व विभाग द्वारा बताया गया कि सभी तहसील परिसरों में वृक्षारोपण कराया जा रहा है ।जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि सभी ग्राम पंचायत परिसर में सागौन का वृक्ष रोपण कराकार बाढ़ व फेंसिंग के माध्यम से सुरक्षा की जाएगी कहां की आरआरसी क्षेत्र में भी लगाया जाएगा। मंडला आयुक्त ने कहा कि सभी खाली जगह को चिन्हित करके वृक्षारोपण कराए एवं यह भी कहा कि संबंधित सचिव को निर्देशित करें कि कार्यालय में ससमय बैठकर कार्य करेंगे। उद्यान विभाग द्वारा बताया गया की 10 हजार पौध रोपण के लिए लक्ष्य दिया गया है जिस पर मंडल आयुक्त ने कहा कि बच्चों को इसमें जोड़ जन सहभागिता की महत्वपूर्ण आवश्यकता होती है उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को बताएं कि एक वृक्ष मां के नाम व पिता दादी दादा के नाम से अवश्य लगाएं ।मंडला आयुक्त ने कहा कि वृक्षारोपण के पश्चात जिओ ट्रैकिंग करना महत्वपूर्ण भूमिका होती है यह संबंधित विभाग सुनिश्चित कराए उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सेल्फी ट्री के साथ फोटो अवश्य लेकर संबंधित एप्स पर लोड करें कहा कि इस कार्यक्रम को वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में बनाना है। मंडला आयुक्त ने कहा कि सभी विभागों द्वारा पॉसिबिलिटी होनी चाहिए कि समय से जो लक्ष्य दिया गया है पूर्ण करें कोई भी समस्या हो तो जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ,उप जिलाधिकारी, प्रभागीय बनाधिकारी से वार्ता कर निस्तारण कराए । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सभी सीएचसीवपीएचसी केंद्रों के परिसर में लगाया जा रहा हैउन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि खेत पर मेढ, मेढ पर पेड़ होना चाहिए कहां की मेड़ पर छोटे-छोटे पेड़ लगाए जिससे की फसलों को नुकसान नहीं होगा उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों से पेड़ों से संबंधित प्रतियोगिता के माध्यम से लाभ बताएं।

जिलाधिकारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग 10 दिनों से वृक्षारोपण  के संबंध में बैठकै की जा रही है उन्होंने कहा कि शासन की मनसा अनुरूप हम लोग कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा कि जो दिशा निर्देश दिया जा रहा है उसको हम लोग अक्षरशः  पालन करेंगे ।बैठक में उपजिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, मऊ श्री सौरभ यादव, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, अपर उप जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार पाठक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

(7).आज दिनाँक-08.07.2025 को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज   डॉ संजीव गुप्ता द्वारा  पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह की उपस्थिति में श्रावण मास/कावड़ यात्रा के दृष्टिगत संपूर्ण मेला क्षेत्र (रामघाट,कंट्रोल रुम रामघाट, बरहा हनुमान मंदिर,लक्ष्मण पहाड़ी,परिक्रमा मार्ग) का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया।

दिनांक 11.07.2025 से श्रावण मास प्रारम्भ हो रहा है। महोदय द्वारा श्रावण मास के दौरान आने वाले कावड़ यात्रियो/ श्रद्धालुओं के सुगम,सुलभ,सुरक्षित भ्रमण के लिए वाहनों की समुचित पार्किंग व्यवस्था तथा रामघाट पर जल प्रबंधन, घाटों की सफाई ,स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को स्नान कर पूजा अर्चना करने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े घाटो पर गहरे पानी में जाने से रोकने हेतु बैरकेडिंग जिससे मेला में क्षेत्र में आने वाले दर्शनार्थियों को डूबने से बचाया जा सके एवं मेला क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ भाड़ होने के कारण टैम्पो स्टैण्ड एवं बस स्टैण्ड आदि चार पहिया वाहनों के खड़े करने हेतु स्टैण्डों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

भ्रमण को दौरान एडीएम कर्वी श्री अरुण सिंह ,उपजिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू,क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी सीतापुर श्री अनिल गुप्ता एवं अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

(8).आज दिनाँक 08.07.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में अगामी कावड़ यात्रा की तैयारियों एवं कावड़ मार्गो में सुरक्षा व्यवस्था का कस्बा कर्वी में निरीक्षण तथा पैदल गस्त किया गया। महोदय द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

पैदल गस्त के दौरान एडीएम कर्वी श्री अरुण सिंह ,उपजिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, यातायात प्रभारी श्री शैलेन्द्र सिंह एवं अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

(9).आज दिनाँक 08.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन मे आगामी श्रावण मास/कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह द्वारा थानाध्यक्ष पहाड़ी श्री पंकज तिवारी की उपस्थिति में कस्बा पहाड़ी के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।